www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET 2013 December Paper 3 Shift 1 Geography Question Paper

## PAPER-III
## GEOGRAPHY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

**D 8 0 1 3**

Time : 2 $^{1}/_{2}$ hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **20** | Number of Questions in this Booklet : **75**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

# GEOGRAPHY
## Paper – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The concept of geosynclines was given by
(A) James Hall and Dana
(B) Hang
(C) Holmes
(D) Steers

**2.** The Base Level concept was postulated by
(A) James Hutton
(B) J.W. Powell
(C) W.M. Davis
(D) Walther Penck

**3.** Which of the following is formed as a result of tectonic forces ?
(A) Hanging valley
(B) V-shaped valley
(C) Rift valley
(D) Blind valley

**4.** Match the List – I with List – II and select the correct answer using the codes given :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | A plain largely composed of recent alluvium | i. | Pedi plain |
| b. | a deep sea plain | ii. | Loess plain |
| c. | a plain formed by wind action | iii. | Flood plain |
| d. | a level surface lightly covered with thin layer of alluvium | iv. | Abyssal plain |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | iii | iv | ii | i |

**5.** "The present is the key to the past." This statement was made by
(A) W.M. Davis
(B) James Hutton
(C) Van Ritchthofen
(D) A. Penck

**6.** Which of the following was a part of Lauratia ?
(A) Anatolian Plate
(B) Chinese Plate
(C) Iranian Plate
(D) Agean Plate

**7.** Match List – I with List – II and choose the correct answer using the given codes :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Normal fault | i. | Displacement of both the rock blocks in opposite directions |
| b. | Reverse fault | ii. | Movement of both the rock blocks towards each other |
| c. | Lateral fault | iii. | Displacement of rock block horizontally along fault plane |
| d. | Stege fault | iv. | When the slopes of a series of faults are in same direction |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | ii | iii | i | iv |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# भूगोल

## प्रश्नपत्र – III

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** भूअभिनतियों की अवधारणा किसने प्रस्तुत की ?

(A) जेम्स हॉल और डाना

(B) हैंग

(C) होल्मस

(D) स्टियर्स

**2.** 'बेस लैवल' अवधारणा की कल्पना किसने की थी ?

(A) जेम्स हट्टन

(B) जे.डब्ल्यू. पॉवल

(C) डब्ल्यू. एम. डेविस

(D) वाल्थर पेंक

**3.** निम्नलिखित में से किसका निर्माण विवर्तनिक शक्तियों के परिणामस्वरूप होता है ?

(A) निलंबी घाटी (हैंगिंग वैली)

(B) V-आकार वाली घाटी

(C) रिफ्ट घाटी

(D) अंध घाटी

**4.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और दिए गए कोडों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. ऐसा समतल जो काफी हद तक हाल के जलोढक से बना हो | i. पदस्थली |
| b. डीप सी समतल | ii. लोएस मैदान |
| c. पवन की गतिविधि से निर्मित समतल | iii. बाढ़कृत मैदान |
| d. जलोढक की झीनी परत से कुछ-कुछ ढकी समतल सतह | iv. वितलीय मैदान |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | iii | iv | ii | i |

**5.** "वर्तमान अतीत की कुंजी है ।" यह कथन निम्नलिखित में से किसका है ?

(A) डब्ल्यू.एम. डेविस

(B) जेम्स हट्टन

(C) वैन. रिचथॉफन

(D) ए. पेन्क

**6.** निम्नलिखित में से कौन सा लॉरेशिया का भाग था ?

(A) अनातोलियन प्लेट

(B) चीनी प्लेट

(C) ईरानी प्लेट

(D) एजीयन प्लेट

**7.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और दिए गए कोडों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. सामान्य भ्रंश | i. दोनों शैलखंडों का विपरीत दिशाओं में विस्थापन |
| b. उत्क्रम भ्रंश | ii. दोनों शैलखंडों का एक-दूसरे की ओर संचलन |
| c. पार्श्व भ्रंश | iii. भ्रंश तल के सहारे-सहारे शैलखंड का क्षैतिज विस्थापन |
| d. स्टेज भ्रंश | iv. जब भ्रंश-शृंखलाओं का ढलान उसी दिशा में हो । |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | ii | iii | i | iv |

Prepp Your Personal Exams Guide

8. When does an escarpment appear ?
   (A) When a land block moves horizontally.
   (B) When a land block moves vertically.
   (C) When a land block moves due to water logging.
   (D) When a land block moves due to human intervention.

9. Identify fluvio-glacial deposits from the following :
   (A) Outwash plain
   (B) Flood plain
   (C) Penne plain
   (D) Pan plain

10. Migration from developed to less developed region is called as
   (A) Emigration
   (B) Immigration
   (C) Perverse migration
   (D) Reverse migration

11. "Space is socially or culturally constructed" is the view under
   (A) Logical positivism
   (B) Behaviouralism
   (C) Post modernism
   (D) Structuralism

12. A counter clock-wise atmospheric circulation in the northern hemisphere is known as
   (A) Pressure gradient
   (B) Cyclone
   (C) Anti-cyclone
   (D) Tornado

13. The author of the book 'The Unstable Earth' is
   (A) Paschel
   (B) Gilberk G.K.
   (C) Mallot C.A.
   (D) J.A. Steers

14. Which of the following earthquake waves are most destructive ?
   (A) S-waves
   (B) P-waves
   (C) R-waves
   (D) L-waves

15. Mediterranean climate is characterized by
   (A) Dry summer and Humid winter
   (B) Humid summer and Dry winter
   (C) Dry summer and Dry winter
   (D) Humid summer with no winter

16. Insolation reaches the earth surface in the form of
   (A) Short waves
   (B) Long waves
   (C) Microwaves
   (D) Lorenz curve

17. The range of visible wave length on electromagnetic spectrum is
   (A) 0.4 to 0.7 micrometres
   (B) 0.7 to 15.0 micrometres
   (C) 0.3 to 0.9 micrometres
   (D) 0.3 to 15.0 micrometres

18. As per the Koppen's scheme the Bhwh type of climate is found in
   (A) Jammu & Kashmir
   (B) Rajasthan
   (C) Gujarat
   (D) Odisha

Prepp
Your Personal Exams Guide

8. कगार (खाई-प्रवण) कब प्रकट होता है ?
   (A) जब भू-खंड समस्तरी रूप से खिसक जाता है ।
   (B) जब भू-खंड ऊर्ध्वाकार रूप से खिसक जाता है ।
   (C) जब भू-खंड जलाक्रान्ति के कारण खिसकता है ।
   (D) जब भू-खंड मानव के हस्तक्षेप के कारण चलायमान होता है ।

9. निम्नलिखित से नदीय-हिमानी निक्षेपों की पहचान करें :
   (A) हिमानीधौत मैदान
   (B) बाढ़ कृत मैदान (कछार)
   (C) पेन्नी प्लेन
   (D) पैन प्लेन

10. विकसित प्रदेश से कम विकसित प्रदेश की ओर प्रवसन क्या कहलाता है ?
   (A) उत्प्रवासन
   (B) आप्रवास
   (C) दुराग्रही प्रवसन
   (D) विपरीत प्रवसन

11. "क्षेत्र सामाजिक रूप से अथवा सांस्कृतिक रूप से निर्मित होता है", यह निम्नलिखित में से किसका विचार है ?
   (A) तार्किक प्रत्यक्षवाद
   (B) व्यवहारवाद
   (C) उत्तर-आधुनिकतावाद
   (D) संरचनावाद

12. उत्तरी गोलार्ध में प्रति-दक्षिणावर्त वायुमंडलीय संचरण क्या कहलाता है ?
   (A) दाब प्रवणता
   (B) चक्रवात
   (C) प्रति-चक्रवात
   (D) टॉरनेडो

13. 'दी अनस्टेबल अर्थ' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
   (A) पैश्चल
   (B) गिलबर्क जी.के.
   (C) मेलौट, सी.ए.
   (D) जे.ए. स्टियर्स

14. निम्नलिखित में से कौन सी भूकंप-तरंगें सर्वाधिक विनाशकारी हैं ?
   (A) S – तरंगें (B) P – तरंगें
   (C) R – तरंगें (D) L – तरंगें

15. भूमध्य-सागरीय जलवायु की विशेषता क्या है ?
   (A) शुष्क ग्रीष्म एवं आर्द्र शीतकाल
   (B) आर्द्र ग्रीष्म एवं शुष्क शीतकाल
   (C) शुष्क ग्रीष्म एवं शुष्क शीतकाल
   (D) आर्द्र ग्रीष्म एवं कोई शीतकाल नहीं

16. इन्सोलेशन (सूर्यातप) पृथ्वी की सतह पर किस रूप में पहुँचता है ?
   (A) लघु तरंगें
   (B) दीर्घ तरंगें
   (C) सूक्ष्म तरंगें
   (D) लोरेन्ज वक्र

17. दृष्टिगोचर तरंगदैर्ध्य की परास विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम में कितनी होती है ?
   (A) 0.4 से 0.7 माइक्रोमीटर
   (B) 0.7 से 15.0 माइक्रोमीटर
   (C) 0.3 से 0.9 माइक्रोमीटर
   (D) 0.3 से 15.0 माइक्रोमीटर

18. कोप्पेन की स्कीम के अनुसार Bhwh प्रकार की जलवायु कहाँ पाई जाती है ?
   (A) जम्मू एवं कश्मीर
   (B) राजस्थान
   (C) गुजरात
   (D) ओडिसा

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**19.** Cold dry wind experienced particularly in winter along the eastern coast of Atlantic Ocean and in Northern Italy is called

(A) Cyclone (B) Boras

(C) Tornado (D) Hurricane

**20.** The atmosphere gets heated by which one of the following ?

(A) Direct rays of the sun

(B) Volcanic activity

(C) Burning of organic material

(D) Radiation from the earth

**21.** A tropical cyclone was located 500 kms. South-West of Visakhapatnam. The cyclone first moved 250 kms in North-West direction and then suddenly changed the direction to the North-East. Which of the following ports would raise the highest danger signal ?

(A) Chennai

(B) Haldia

(C) Visakhapatanam

(D) Tuticorin

**22.** Which one of the following regions does not receive much rainfall during the South-West monsoon season ?

(A) Tamil Nadu Coast

(B) Maharashtra

(C) Chota Nagpur Plateau

(D) Eastern Himalayas

**23.** In which type of climate equiplanation process i.e., reduction of relief to a plain takes place ?

(A) Arid climate

(B) Cold climate

(C) Tropical climate

(D) Temperate climate

**24.** Winter rainfall in North-Western part of India is mainly due to


(A) Western disturbance

(B) North-East Monsoon

(C) North-West Monsoon

(D) Depression in the Bay of Bengal

**25.** Which one of the following phenomena shown in the sketch given below is correct ?




Choose the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) Normal lapse rate

(B) Upper surface inversion

(C) Lower surface inversion

(D) Environmental lapse rate

**26.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** The eastern coast of India is affected by tropical cyclones more than the western coast.

**Reason (R) :** Tropical cyclone originates only in the Bay of Bengal.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are correct but (R) does not explain (A).

(B) Both (A) and (R) are correct and (R) explains (A).

(C) (A) is correct but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is correct.

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**19.** शीत शुष्क वायु विशेष रूप से जो अटलांटिक सागर के पूर्वी तट के किनारे-किनारे और उत्तरी इटली में शीतकाल में अनुभव की जाती है क्या कहलाती है ?

(A) चक्रवात (B) बोरास

(C) टॉरनेडो (D) हरिकेन

**20.** वायुमंडल निम्नलिखित में से किसके द्वारा गर्म हो जाता है ?

(A) सूर्य की सीधी किरणें

(B) ज्वालामुखीय गतिविधि

(C) जैव पदार्थ का जलना

(D) पृथ्वी से विकिरण

**21.** उष्णकटिबंधीय चक्रवात विशाखापट्टनम के 500 कि.मी. दक्षिण-पश्चिम में स्थित था । सर्वप्रथम चक्रवात 250 कि.मी. उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा और फिर अकस्मात् दिशा उत्तर-पूर्व की ओर बदल ली । निम्नलिखित में से कौन से पत्तन/बन्दरगाह अधिकतम खतरे का संकेत देंगे ?

(A) चेन्नई (B) हल्दिया

(C) विशाखापट्टनम (D) ट्यूटीकोरिन

**22.** निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के दौरान अधिक वृष्टि नहीं प्राप्त करता है ?

(A) तमिलनाडु तट

(B) महाराष्ट्र

(C) छोटा नागपुर पठार

(D) पूर्वी हिमालय पर्वत

**23.** किस जलवायु में सपाटीकरण उच्चावच को समतल में समानयन करने की प्रक्रिया है ?

(A) शुष्क जलवायु

(B) शीत जलवायु

(C) उष्णकटिबंधीय जलवायु

(D) शीतोष्ण जलवायु

**24.** भारत के उत्तरी-पश्चिमी भाग में शीतकालीन वृष्टि मुख्य रूप से निम्नलिखित कारण से होती है :


(A) पश्चिमी विक्षोभ

(B) उत्तर-पूर्व मानसून

(C) उत्तर-पश्चिम मानसून

(D) बंगाल की खाड़ी में अवनमन

**25.** नीचे दिये गये रेखाचित्र में दर्शाए परिदृश्यों में से कौन सा सही है ?




नीचे दिये कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

**कोड** :

(A) सामान्य लैप्स रेट (च्युति या ह्रास दर)

(B) ऊपरी सतह प्रतिलोमन

(C) निचली सतह प्रतिलोमन

(D) पर्यावरणीय लैप्स रेट

**26.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :

**अभिकथन (A)** : भारत का पूर्वी तट उष्णकटिबंधीय चक्रवातों से पश्चिमी तट की अपेक्षा ज्यादा प्रभावित होता है ।

**कारण (R)** : उष्णकटिबंधीय चक्रवात मूलत: सिर्फ बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न होते हैं ।

उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की व्याख्या करता है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) मिथ्या है ।

(D) (A) मिथ्या है, परन्तु (R) सही है ।

**27.** Match List – I and List – II and select the correct answer using the codes given :

| List – I (Names of tropical cyclones) | | List – II (Regions) |
|---|---|---|
| a. Hurricanes | i. | Australia |
| b. Typhoons | ii. | Japan |
| c. Willy-Willy | iii. | U.S.A. |
| d. Taifu | iv. | China |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | ii | i | iii | iv |

**28.** The temperature that provides favourable ecological conditions for living coral reefs is

(A) less than 10 °C

(B) 10 °C to 15 °C

(C) 15 °C to 20 °C

(D) more than 20 °C

**29.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given :

| List – I | | List – II |
|---|---|---|
| a. Coral reef | i. | Organic Ocean Deposit |
| b. Shoal | ii. | Deep flat surface |
| c. Abyssal plain | iii. | Steep descent from the shelf bed |
| d. Continental slope | iv. | Detached elevation with shallow depth |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | iv | i | iii | ii |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | ii | iii |

**30.** Which among the following has postulated the Subsidence Theory related to coral reef ?

(A) Dally (B) Agassiz

(C) Darwin (D) Davis

**31.** If a tide occurs at a place at 6 p.m. when will be the next tide occur ?

(A) 00.13 a.m. of the next day

(B) 06.26 a.m. of the next day

(C) 12.39 p.m. of the next day

(D) 06.52 p.m. of the next day

**32.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given :

| List – I | | List – II |
|---|---|---|
| a. Tide | i. | A warm comparatively fast moving ocean current |
| b. Tsunami | ii. | A cold ocean current |
| c. Gulf stream | iii. | The periodic rise and fall of water |
| d. Labradone current | iv. | Rise of sea water in wave form due to seismic activity |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**33.** Which one of the following ecosystem services is not a part of Millennium Ecosystem Assessment (MA) report ?

(A) Provisioning

(B) Promoting

(C) Supportive

(D) Regulating

Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोडों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (उष्णकटिबंधीय चक्रवात)** | **सूची – II (क्षेत्र)** |
|---|---|
| a. हरिकेन | i. ऑस्ट्रेलिया |
| b. टाइफून | ii. जापान |
| c. विलि विलि (टॉरनेडो) | iii. यू.एस.ए. |
| d. टायफू | iv. चीन |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | ii | i | iii | iv |

**28.** निम्नलिखित में से कौन सा तापमान प्रवाल-भित्ति जीवित रहने के लिए अधिक अनुकूल पारिस्थितिक स्थितियाँ प्रदान करता है ?

(A) 10 °C से कम
(B) 10 °C से 15 °C
(C) 15 °C से 20 °C
(D) 20 °C से अधिक

**29.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोडों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. प्रवाल-भित्ति | i. जैविक महासागरीय निक्षेप |
| b. शोल | ii. गहरी समतल सतह |
| c. वितल मैदान | iii. शेल्फ तल से खड़ी ढलान |
| d. महाद्वीपीय ढाल | iv. सतही गहराई के साथ अलग-थलग ऊँचाई |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | iv | i | iii | ii |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | ii | iii |

**30.** प्रवाल-भित्ति से जुड़े अवतलन सिद्धांत (सब्सीडेंस थ्योरी) की अभिधारणा किसने की ?

(A) डैली
(B) अगासी
(C) डार्विन
(D) डेविस

**31.** यदि एक स्थान पर सायं 6 बजे ज्वार (प्रवाह) आता है तो अगला ज्वार कब आयेगा ?

(A) अगले दिन 00.13 a.m.
(B) अगले दिन 06.26 a.m.
(C) अगले दिन 12.39 p.m.
(D) अगले दिन 06.52 p.m.

**32.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोडों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. ज्वार | i. उष्ण एवं तुलनात्मक रूप से तेज बहने वाली सागर धारा |
| b. सुनामी | ii. शीत सागर धारा |
| c. गल्फ स्ट्रीम | iii. जल का सावधिक उतार घटाव |
| d. लाबराडोन धारा | iv. भूकम्पीय गतिविधि के कारण समुद्रीय जल का तरंग रूप में चढ़ाव |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**33.** निम्नलिखित में से कौन पारिस्थितिकी व्यवस्था सेवाएँ सहस्राब्दि पारिस्थितिकी व्यवस्था मूल्यांकन रिपोर्ट (M.A.) का भाग नहीं है ?

(A) प्रोविज़निंग
(B) उन्नयनकारी
(C) समर्थनकारी
(D) विनियामक

**34.** Which one of the following places in India the first bird-sanctuary was set up ?
(A) Vedanthangal
(B) Kundremukha
(C) Bannarghata
(D) Keoladeo

**35.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :
**Assertion (A) :** Physical factors provide only a partial and deterministic explanation of geographical distribution of population.
**Reason (R) :** Man is by no means passive in his choice of areas for settlement and everywhere demonstrates an ability to exercise some control over his environment.
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is correct.

**36.** Which one of the following indicates the principle of transport in Central Place Theory ?
(A) $K_3$ (B) $K_4$
(C) $K_7$ (D) $K_9$

**37.** **Assertion (A) :** Post-industrial city is largely characterised by horizontal expansion.
**Reason (R) :** Land prices are high in the central city.
(A) Both (A) and (R) are correct.
(B) Both (A) and (R) are correct but (R) does not explain (A).
(C) (A) is correct, but (R) is false.
(D) (R) is correct, but (A) is false.

**38.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Cantonment | i. Kochi |
| b. Transport | ii. Bangalore |
| c. Mining | iii. Mau |
| d. I.T. | iv. Ankleshwar |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | iii | i | ii | iv |

**39.** Read Assertion (A) and Reason (R) and find the correct answer from the codes given below :
**Assertion (A) :** Global urban population is not uniformly distributed by location and nearly two-thirds is relatively concentrated within low elevation coastal areas.
**Reason (R) :** Soil fertility in the coastal areas caused concentration of rural settlements.
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) explains (A).
(B) Both (A) and (R) are correct but (R) does not explain (A).
(C) (A) is correct, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (A) is true.

**40.** Which one of the following stages of demographic transition model predicts "a-high birth but a-low death rate" ?
(A) First stage
(B) Second stage
(C) Third stage
(D) Late-second stage

prepp
Your Personal Exams Guide

**34.** भारत में निम्नलिखित में से किस स्थान पर प्रथम पक्षीधाम स्थापित किया गया था ?

(A) वेदान्थंगल (B) कुन्द्रेमुख

(C) बन्नारघाट (D) केवलादेव

**35.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** भौतिक कारक जनसंख्या के भौगोलिक वितरण का सिर्फ आंशिक और निश्चयात्मक स्पष्टीकरण प्रदान करता है ।

**कारण (R) :** मनुष्य बस्ती के लिये क्षेत्रों की अपनी पसन्द में निश्चय ही निष्क्रिय नहीं होता है और सभी जगहों में उसने अपने वातावरण पर कुछ नियंत्रण करने की योग्यता प्रदर्शित की है ।

**कोड** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) मिथ्या है ।

(D) (A) मिथ्या है, परन्तु (R) सही है ।

**36.** निम्नलिखित में से कौन सा केन्द्रीय स्थान सिद्धान्त में परिवहन सिद्धान्त को इंगित करता है ?

(A) $K_3$ (B) $K_4$

(C) $K_7$ (D) $K_9$

**37.** **अभिकथन (A) :** सामान्यतया क्षैतिज विस्तार उत्तर-औद्योगिक नगर की विशेषता होती है ।

**कारण (R) :** केन्द्रीय नगर में भूमि की कीमतें अधिक होती हैं ।

**कोड** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) मिथ्या है ।

(D) (R) सही है परन्तु (A) मिथ्या है ।

**38.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. छावनी | i. कोचि |
| b. परिवहन | ii. बंगलौर |
| c. खनन | iii. मऊ |
| d. आई.टी. | iv. अंकलेश्वर |

**कोड** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | ii | iv |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iii | i | iv | ii |
| (D) | iii | i | ii | iv |

**39.** नीचे दो कथन, अभिकथन (A) और कारण (R) दिये गये हैं । नीचे दिये कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** नगरीय जनसंख्या अवस्थिति के अनुसार एकसमान रूप से वितरित नहीं है और लगभग दो-तिहाई तुलनात्मक रूप से निम्न उत्थापन तटीय क्षेत्रों में केन्द्रित है ।

**कारण (R) :** तटीय क्षेत्रों में मृदा उर्वरता ने ग्रामीण बस्तियों का केन्द्रीकरण किया है ।

**कोड** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की व्याख्या करता है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) मिथ्या है ।

(D) (A) मिथ्या है, परन्तु (R) सत्य है ।

**40.** जनांकिकीय संक्रमण मॉडल की कौन सी अवस्था 'उच्च जन्म परन्तु निम्न मृत्यु दर' का पूर्वा उमान करती है ?

(A) पहली अवस्था

(B) दूसरी अवस्था

(C) तीसरी अवस्था

(D) दूसरी-उत्तरार्ध अवस्था

prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** Match the following :

| List – I (State) | List – II (Rate of Literacy (%) at 2011 census) |
|---|---|
| a. Uttarakhand | i. 69.7 |
| b. Chhattisgarh | ii. 70.0 |
| c. Tamil Nadu | iii. 60.2 |
| d. Gujarat | iv. 73.4 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**42.** Which one of the following is not an assumption or principle of the concentric zone model of urban land case ?

(A) Cultural and social heterogeneity of the population

(B) Transport is equally easy, rapid and cheap in every direction within the city.

(C) None of districts is attractive due to differences in terrain.

(D) There is a concentration of heavy industry.

**43.** Who, amongst the following, defined Geography as a chorological science ?

(A) Ptolemy (B) Richthofen

(C) Hettner (D) P.E. James

**44.** Who, amongst the following, has propounded the concept of Time Space Geography ?

(A) Hagerstrand

(B) Haggett

(C) Johnston

(D) Harvey

**45.** Match the following from the codes :

| (Major Proponent) | (Philosophy of Geography) |
|---|---|
| a. Gibson | i. Idealism |
| b. Guelke | ii. Realism |
| c. Peet | iii. Behaviouralism |
| d. Wright and Kirk | iv. Radicalism |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | i | ii | iv | iii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | ii | i | iii | iv |

**46.** Which one of the following ports has been developed on a lagoon ?

(A) Chennai

(B) Mumbai

(C) Kochi

(D) Visakhapatnam

**47.** Truck farming is associated with

(A) Vegetables

(B) Milk

(C) Cereals

(D) Poultry

**48.** The essential feature of shifting cultivation is

(A) Rotation of crops

(B) Rotation of fields

(C) Single cropping

(D) Use of plenty of fertilizers

**49.** What is the common practice involved in shifting cultivation ?

(A) Use of sophisticated machinery

(B) Large scale use of fertilizers

(C) Utilization of poor soils through ploughing / fallowing

(D) Maximum use of animal power

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **सूची – I** (राज्य) | **सूची – II** (2011 जनगणना में साक्षरता की दर % में) |
|---|---|
| a. उत्तराखण्ड | i. 69.7 |
| b. छत्तीसगढ़ | ii. 70.0 |
| c. तमिलनाडु | iii. 60.2 |
| d. गुजरात | iv. 73.4 |

**कोड** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**42.** नगरीय भू अवस्था का संकेन्द्री कटिबंध मॉडल का सिद्धान्त या मान्यता निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है ?

(A) जनसंख्या की सांस्कृतिक तथा सामाजिक विजातीयता ।

(B) नगर के भीतर प्रत्येक दिशा में परिवहन समान रूप से आसान, शीघ्र एवं सस्ता होता है ।

(C) भू-भाग में अन्तरों के कारण कोई भी जिला ज्यादा आकर्षक नहीं होता है ।

(D) यहाँ पर बड़े उद्योगों का केन्द्रीकरण होता है ।

**43.** निम्नलिखित में से किसने भूगोल को जीववितरण-संबंधी विज्ञान के रूप में परिभाषित किया ?

(A) टोलमी (B) रिचथॉफन

(C) हेटनर (D) पी.ई. जेम्स

**44.** काल-स्थान भूगोल की अवधारणा को निम्नलिखित में से किसने प्रतिपादित किया ?

(A) हैगरस्ट्रेंड (B) हैगेट

(C) जॉन्सटन (D) हार्वे

**45.** कोडों की सहायता से निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| **मुख्य प्रतिपादक** | **भूगोल-दर्शन** |
|---|---|
| a. गिब्सन | i. आदर्शवाद |
| b. ग्यूलके | ii. यथार्थवाद |
| c. पीट | iii. व्यवहारवाद |
| d. राइट तथा किर्क | iv. आमूलपरिवर्तनवाद |

**कोड** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | i | ii | iv | iii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | ii | i | iii | iv |

**46.** निम्नलिखित में से कौन सा बन्दरगाह लैगून पर विकसित किया गया है ?

(A) चेन्नई

(B) मुम्बई

(C) कोचि

(D) विशाखापट्टनम्

**47.** ट्रक खेती किससे सम्बन्धित है ?

(A) साग-सब्जी (B) दूध

(C) अनाज (D) मुर्गापालन

**48.** स्थानान्तरित कृषि की अनिवार्य विशेषता है

(A) फसलों का आवर्तन

(B) खेतों का आवर्तन

(C) एकल फसल

(D) काफी उर्वरकों का उपयोग

**49.** स्थानान्तरित कृषि में सर्वनिष्ठ प्रथा क्या है ?

(A) आधुनिक मशीनरी का उपयोग

(B) बड़े स्तर पर उर्वरकों का उपयोग

(C) जोतने/परतीकरण के द्वारा क्षीण मृदा को उपयोग में लाना

(D) पशु शक्ति का अधिकतम उपयोग

Prepp Your Personal Exams Guide

**50.** Under the scope of town planning in India is covered :

1. Urban renewal
2. Planning of urban amenities and facilities
3. Building of new towns
4. Building of metropolitan cities

**Codes :**

(A) 1 and 3 are correct.
(B) only 1 is correct.
(C) 1, 2 and 3 are correct.
(D) 2, 3 and 4 are correct.

**51.** Match the List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Rivers | i. Sand stone |
| b. Settlements | ii. Gale |
| c. Winds | iii. Levees |
| d. Rocks | iv. Satellite |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**52.** Match the List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Falkland current | i. Warm current |
| b. Norwegian current | ii. Cold current |
| c. Florida current | iii. Atlantic Ocean |
| d. Okholsk current | iv. Kamchetka Peninsula |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | i | ii | iv | iii |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**53.** Who has, amongst the following geographers, defined Geography of Public Finance 'who gets what, where, and at what cost' ?

(A) R.J. Chorley
(B) David Harvey
(C) P. Claval
(D) R.J. Bennett

**54.** Match the List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| **List – I (Natural Parks & Wild Life Sanctuaries)** | **List – II (States)** |
|---|---|
| a. Nandan kanan | i. Maharashtra |
| b. Kaziranga | ii. Madhya Pradesh |
| c. Bandhavgarh | iii. Odisha |
| d. Melghat | iv. Assam |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | i | iii | ii |

**55.** Which of the following is not a supervised image classification technique ?

(A) Parallelopiped classifier
(B) Minimum distance to mean classifier
(C) Neural network analysis
(D) Gaussian maximum likelihood classifier

**56.** A meteor is

(A) Comet without a tail
(B) Detached piece of an asteroid
(C) Tiny star
(D) Piece of matter which has entered the earth's atmosphere from outer space

**50.** भारत में टाउन प्लैनिंग के क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित समाविष्ट है :

1. शहर नवीकरण
2. शहरी सुख-सुविधाओं एवं सुविधाओं का नियोजन
3. नवीन शहरों का निर्माण
4. महानगरीय शहरों का निर्माण

**कोड** :

(A) 1 और 3 सही हैं ।
(B) केवल 1 सही है ।
(C) 1, 2 और 3 सही हैं ।
(D) 2, 3 और 4 सही हैं ।

**51.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोडों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. नदियाँ | i. बलुआ पत्थर |
| b. बस्तियाँ | ii. झंझा |
| c. पवन | iii. तटबंध |
| d. चट्टानें | iv. उपग्रह |

**कोड** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**52.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोडों का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. फाकलैंड धारा | i. उष्ण धारा |
| b. नार्वेजियाई धारा | ii. शीतल धारा |
| c. फ्लोरिडा धारा | iii. एटलांटिक महासागर |
| d. ओखोल्स्क धारा | iv. कैमचेटका प्रायद्वीप |

**कोड** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | i | ii | iv | iii |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**53.** निम्नलिखित भूगोलविदों में से किसने लोक वित्त भूगोल को इस रूप में परिभाषित किया ?

'कौन व्यक्ति क्या, कहाँ और किस कीमत पर प्राप्त करता है'

(A) आर.जे. चोर्ली (B) डेविड हार्वे
(C) पी. क्लावल (D) आर.जे. बेनेट

**54.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (प्राकृतिक उद्यान एवं वन्य जीवन)** | **सूची – II (राज्य)** |
|---|---|
| a. नंदनकानन | i. महाराष्ट्र |
| b. काजीरंगा | ii. मध्य प्रदेश |
| c. बांधवगढ़ | iii. ओडिसा |
| d. मेलघाट | iv. असम |

**कोड** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | i | iii | ii |

**55.** निम्नलिखित में से कौन सी पर्यवेक्षित प्रतिबिम्ब वर्गीकरण तकनीक नहीं है ?

(A) समानान्तर पाइपयुक्त वर्गक
(B) माध्य वर्गक से न्यूनतम दूरी
(C) न्यूरल नेटवर्क विश्लेषण
(D) गॉशियन मैक्सिमम संभाविता वर्गक

**56.** उल्का (मीटिओर) क्या है ?

(A) पूँछ के बगैर धूमकेतु
(B) एसटॅराइड (ग्रहिका) के वियोज्य टुकड़े
(C) बहुत छोटा तारा
(D) पदार्थ का टुकड़ा जो बाहरी अन्तरिक्ष से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर गया है ।

**57.** Which one of the following tribes does not correctly matched ?

(A) Batwa and Congo Basin

(B) Ruwala and Central Iran

(C) Inuit and Canada

(D) Yuklagir and Siberia

**58.** Which one of the following regions witnessed the growth of mighty civilizations of Roman and Greek ?

(A) Temperate region

(B) Savanna region

(C) Mediterranean region

(D) Tundra region

**59.** Which of the following is not considered a geographic pattern ?

(A) Centralized

(B) Distributive

(C) Linear

(D) Random

**60.** Machu Picchu of Inca civilization is located in

(A) Argentina

(B) Brazil

(C) Columbia

(D) Peru

**61.** In 1919, Mackinder renamed his 'Pivot Area' as 'Heartland' in famous book

(A) Foreign Affairs

(B) The Round World and the Winning of the Peace

(C) The Democratic Ideals and Reality

(D) World War and Geography

**62.** The objectives behind building the planned city of Chandigarh were

1. To build a city of modern India's dreams.
2. To settle down refugees coming to India after the partition.
3. To develop an attractive tourist centre in Northwestern India.
4. To provide capital city to Truncated Punjab.

**Codes :**

(A) 2 and 4 are correct.

(B) 2, 3 and 4 are correct.

(C) 1, 2 and 4 are correct.

(D) only 4 is correct.

**63.** Which of the following sentences is not a correct one ?

(A) Utilitarian planning is a functional planning and it strives to achieve a supreme single specific goal.

(B) Sectoral planning is a co-ordinated planning with planning in various sectors in an integrated manner.

(C) Comprehensive planning has also been used with implicit connotation of integrated planning of all elements of a single activity.

(D) Town planning is an expression of spatial planning of an urban system.

**64.** Several planned cities have been developed in India after Independence. Which one of the following is not a post-independence planned city ?

(A) Gandhinagar

(B) Chandigarh

(C) Jaipur

(D) Bhubaneshwar

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**57.** निम्नलिखित में से कौन सी जनजाति सही ढंग से सुमेलित नहीं है ?

(A) बटवा तथा कांगो बेसिन

(B) रुवाला और केन्द्रीय ईरान

(C) इन्यूट और कनाडा

(D) युकलागिर और साइबेरिया

**58.** निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में रोम और ग्रीक की शक्तिशाली सभ्यताओं का विकास देखने को मिला ?

(A) शीतोष्ण क्षेत्र

(B) सवाना क्षेत्र

(C) भूमध्यसागरीय क्षेत्र

(D) टूंड्रा क्षेत्र

**59.** निम्नलिखित में से किसे भौगोलिक प्रतिरूप (पैटर्न) नहीं समझा जाता है ?

(A) केन्द्रित

(B) वितरणात्मक

(C) रेखीय

(D) यादृच्छिक

**60.** इंका सभ्यता का माचू पिच्चू कहाँ अवस्थित है ?

(A) अर्जेन्टीना (B) ब्राज़ील

(C) कोलम्बिया (D) पेरू

**61.** मैकिण्डर ने वर्ष 1919 में किस प्रख्यात पुस्तक में अपने 'पिवॅट एरिया' का नाम बदल कर 'हार्टलैण्ड' रख दिया था ?

(A) फोरेन अफेयर्स

(B) दि राउंड वर्ल्ड एण्ड दि विनिंग ऑफ दि पीस

(C) दि डेमोक्रेटिक आइडियल्स एण्ड रिएलिटी

(D) वर्ल्ड वार एण्ड जियोग्राफी

**62.** चण्डीगढ़ के नियोजित शहर का निर्माण करने के पीछे उद्देश्य थे

1. आधुनिक भारत के सपनों का शहर निर्मित करना ।
2. विभाजन के बाद भारत में आने वाले शरणार्थियों को बसाना ।
3. उत्तरी-पश्चिम भारत में आकर्षक पर्यटन केन्द्र विकसित करना ।
4. कटे-छटे पंजाब को राजधानी शहर प्रदान करना ।

**कोड :**

(A) 2 एवं 4 सही हैं ।

(B) 2, 3 और 4 सही हैं ।

(C) 1, 2 और 4 सही हैं ।

(D) केवल 4 सही है ।

**63.** निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य सही नहीं है ?

(A) उपयोगितावादी नियोजन कार्यात्मक नियोजन है और यह सर्वोच्च एकल विशिष्ट लक्ष्य पाने का प्रयास करता है ।

(B) खंडीय नियोजन विभिन्न खंडों में समेकित ढंग से नियोजन के साथ समन्वय नियोजन है ।

(C) समग्र नियोजन को एकल गतिविधि के समस्त घटकों के समेकित नियोजन के निहितार्थ के साथ भी उपयोग किया गया है ।

(D) नगर नियोजन नगर व्यवस्था के स्थानिक नियोजन की अभिव्यक्ति है ।

**64.** स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में बहुत से नियोजित शहर विकसित किये गये हैं । निम्नलिखित में से कौन सा स्वातंत्रोत्तर नियोजित शहर नहीं है ?

(A) गांधीनगर

(B) चण्डीगढ़

(C) जयपुर

(D) भुवनेश्वर

**65.** Which one of the following is not a measure of Central tendency ?
(A) Arithmetic mean
(B) Mean deviation
(C) Median
(D) Mode

**66.** Which one of the following Indian Remote Sensing Satellites, IRS-P4 is also known as
(A) Resourcesat (B) Edusat
(C) Remotesat (D) Oceansat

**67.** Which one of the following States has recorded the lowest human development index ?
(A) Bihar
(B) Himachal Pradesh
(C) Punjab
(D) Haryana

**68.** Which one of the following group of States, which includes catchment area of Cauvery river basin is correct ?
(A) Tamil Nadu, Kerala, Pondicherry and Andhra Pradesh
(B) Tamil Nadu, Kerala, Andhra Pradesh and Pondicherry
(C) Tamil Nadu, Andhra Pradesh, Maharashtra and Kerala
(D) Tamil Nadu, Kerala, Karnataka and Pondicherry

**69.** Which one of the following is a centrographic measure ?
(A) Geometric mean
(B) Arithmetic mean
(C) Mean centre
(D) Standard deviation

**70.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Block Mountains | i. Aravallies |
| b. Volcanic Mountains | ii. Pennives |
| c. Relict Mountains | iii. Vindhyachal |
| d. Fold Mountains | iv. Mount Popa |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

**71.** Which one of the following map scales is a large scale ?
(A) 1 : 250,000
(B) 1 : 25,000
(C) 1 : 500,000
(D) 1 : 50,000

**72.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :
**Assertion (A) :** The Raster format data structure provides a greater computational efficiency.
**Reason (R) :** The Raster format data is simple.
In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) explains (A).
(B) Both (A) and (R) are correct but (R) does not explain (A).
(C) (A) is correct, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is correct.

**73.** An original map has the RF–1/50,000 and R.F. of the new map will be 1/250,000. What is the correct proportion of enlargement/reduction as given below ?
(A) Reduction 1/5
(B) Enlargement (5 times)
(C) Reduction 1/10
(D) Enlargement (10 times)

**74.** Which one of the following values of correlation coefficient (r) is not correctly matched degree of relationship ?
(A) + 0.99 High
(B) + 0.50 Moderate
(C) – 0.01 Very low
(D) – 0.99 Nil

**75.** In which of the following year, IRS-1A was launched
(A) 1982 (B) 1987
(C) 1988 (D) 1990

www.prepp.in

65. केन्द्रीय प्रवृत्ति का माप कौन सा नहीं है ?
(A) गणितीय माध्य (B) माध्य विचलन
(C) माध्यिका (D) बहुलक

66. निम्नलिखित में से कौन सी भारतीय दूर संवेदी सेटलाईट (IRS-P4) इस नाम से भी जानी जाती है ?
(A) रिसोर्स सेट (B) एजु सेट
(C) रिमोट सेट (D) ओशन सेट

67. निम्नलिखित में से कौन से राज्य के लिये मानव विकास सूचकांक निम्नतम दर्ज किया गया है ?
(A) बिहार (B) हिमाचल प्रदेश
(C) पंजाब (D) हरियाणा

68. कावेरी नदी बेसिन का जलग्रहण क्षेत्र राज्यों के निम्नलिखित समूहों में से किस समूह में समाविष्ट है ?
(A) तमिलनाडु, केरल, पाण्डिचेरी, आंध्र प्रदेश
(B) तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, पाण्डिचेरी
(C) तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल
(D) तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, पाण्डिचेरी

69. निम्नलिखित में से कौन सा केन्द्ररेखीय माप है ?
(A) ज्यामितीय माध्य (B) गणितीय माध्य
(C) माध्य केन्द्र (D) मानक विचलन

70. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और दिए गए कोडों को प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. ब्लोक माउंटेन | i. अरावली |
| b. वालकैनिक माउंटेन | ii. पेनिवेस |
| c. रेलिक्ट माउंटेन | iii. विंध्याचल |
| d. फोल्ड माउंटेन | iv. माउंट पोपा |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

71. निम्नलिखित में से कौन सा बड़ा पैमाना मानचित्र है ?
(A) 1 : 250,000 (B) 1 : 25,000
(C) 1 : 500,000 (D) 1 : 50,000

72. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :
**अभिकथन (A) :** रास्टर फॉरमेट डेटा संरचना ज्यादा वृहत् गणनात्मक क्षमता प्रदान करती है ।
**कारण (R) :** रास्टर फॉरमेट डेटा सरल है ।
उपर्युक्त दो कथनों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की व्याख्या करता है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) मिथ्या है ।
(D) (A) मिथ्या है, परन्तु (R) सत्य है ।

73. मूल मानचित्र का R.F. 1/50,000 है और नवीन मानचित्र का R.F. 1/250,000 होगा । तो विस्तार एवं संकुचन का सही अनुपात क्या होगा ?
(A) संकुचन 1/5
(B) विस्तार (5 गुणा)
(C) संकुचन 1/10
(D) विस्तार (10 गुणा)

74. सहसम्बन्ध गुणांक (r) का कौन सा मान सही सुमेलित सम्बन्ध श्रेणी नहीं है ?
(A) + 0.99 उच्च
(B) + 0.50 सामान्य
(C) – 0.01 बहुत निम्न
(D) – 0.99 शून्य

75. निम्नलिखित में से किस वर्ष में IRS-1A प्रक्षेपित किया गया ?
(A) 1982 (B) 1987
(C) 1988 (D) 1990

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide